NEWS LETTER

SEPTEMBER 2021 / VOL. 02

www.ptcpu.org

PATNA TRAINING COLLEGE

राष्ट्र व मानवता ही सच्ची सेवाः प्रो. आशुतोष : पटना ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार ने कहा है कि सच्चे और समर्पण भाव से राष्ट्र और मानवता की सेवा ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र है। विद्यार्थियों को इस मूल मंत्र को आत्मसात करना चाहिए। एनएसएस दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मुख्य वक्ता डॉ. ध्रुव कुमार, विशिष्ट वक्ता डॉ. कुमार संजीव थे।



पटना | सच्चे और समर्पण भाव से राष्ट्र और मानवता की सेवा ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र है। विद्यार्थियों को इस मूल मंत्र को आत्मसात करना चाहिए। ये बातें पटना ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार ने कहीं। वे राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन कर रहे थे। विषय था-एनएसएस-कॉलेज कैंपस से समुदाय तक। डॉ. ध्रुव कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एक बेहतर माध्यम है। पटना यूनिवर्सिटी के सीनेट सदस्य डॉ. कुमार संजीव ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने पड़ोस के गांव को गोद लेकर शिक्षा देना चाहिए। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार ने डॉ. कुमार संजीव द्वारा संपादित शिक्षाशास्त्र की राष्ट्रीय शोध पत्रिका 'एजुकेशनल साइंस रिव्यू' के नये अंक का विमोचन किया।